**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी शिमला**

**22.07.2025/प्रादेशिक समाचार/1945 बजे**

## "आज के मुख्य समाचार"

- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने युवाओं से नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने और विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का किया आहवान।
- उप—मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा—सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण पर करीब 5 सौ 50 करोड़ रूपए होंगे खर्च।
- राज्य सरकार की नई जॉब ट्रेनी योजना को भारतीय जनता पार्टी ने युवाओं के साथ धोखा करार दिया।
- एचआरटीसी ड्राईवर कंडक्टर यूनियन ने मांगे पूरी न होने पर एक अगस्त से केवल 8 घंटे डयूटी देने का किया एलान।
- प्रदेश में भारी वर्षा व भू—स्खलन से 3 राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 3 सौ 75 सड़कें अवरूद्ध।

**अब समाचार विस्तार से..........**

### राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने युवाओं से नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने और 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देने का आहवान किया है। वे आज शिमला में प्रदेश विश्वविद्यालय के 56वें स्थापना दिवस समारोह की अध्यक्षता करने के बाद शिक्षकों और विद्यार्थियों को सम्बोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने शिक्षा के क्षेत्र में विश्वविद्यालय के योगदान की सराहना करते हुए शिक्षकों और विद्यार्थियों से नैतिक मूल्यों पर आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने, अनुसंधान व नवाचार पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। शिव प्रताप शुक्ल ने राज्य में प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताते हुए विकास योजनाओं में पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देने की जरूरत बताई। राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश विश्वविद्यालय केवल 8 विभागों के साथ शुरू हुआ था जिसमें इस समय 52 विभाग हैं जहां 7 हजार से अधिक विद्यार्थी और 11 सौ से अधिक शोधार्थी अध्ययन कर रहे हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफैसर महावीर सिंह ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और नवाचार को शिक्षा का भविष्य बताया।

### विश्वविद्यालय स्थापना दिवस

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय न केवल शिक्षा का केंद्र है, बल्कि प्रदेश के सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक और आर्थिक विकास का भी प्रतिबिंब है। विश्वविद्यालय के 56वें स्थापना दिवस के अवसर पर आज एक संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस विश्वविद्यालय ने देश और प्रदेश को ऐसे मेधावी छात्र दिए हैं, जो आज विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बना चुके हैं और विश्वभर में हिमाचल का नाम रोशन कर रहे हैं। इस बीच ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने प्रदेश विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह में शिरकत की और विश्वविद्यालय में पांच नए शोध केन्द्रों का उदघाटन भी किया।

### अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि हिमाचल की सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण पर प्रदेश सरकार द्वारा लगभग 5 सौ 50 करोड़ रुपये व्यय किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से सरकार द्वारा लगभग 50 करोड़ रुपये की राशि प्राचीन मंदिरों, किलों और पुरातात्विक महत्त्व के स्थलों के जीर्णोद्धार के लिए स्वीकृत की गई है। इसमें से राज्य के अधिगृहीत मंदिरों में विभिन्न विकासात्मक कार्यों के लिए 37 करोड़ रुपये का सहायता अनुदान प्रदान किया गया है। अग्निहोत्री ने कहा कि प्रसाद योजना के तहत माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर के लिए 56 करोड़ 26 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, प्रदेश सरकार द्वारा सांस्कृतिक धरोहरों के अनुरक्षण के लिए सवा 11 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

**जयराम ठाकुर**

राज्य सरकार की नई जॉब ट्रेनी योजना को भाजपा ने युवाओं के साथ धोखा बताया है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि पांच लाख नौकरियों की गारंटी देकर सत्ता में आयी कांग्रेस सरकार अब नौकरियां छीनने का काम कर रही है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारी सहयोगी....

**डिस्पैच**––प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा लाई गई जॉब ट्रेनी योजना को भारतीय जनता पार्टी युवाओं के साथ भद्दा मजाक बताते हुए इसे वापिस लेने की सरकार से मांग कर रही है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर सहित अन्य पार्टी नेताओं ने इस योजना का विरोध किया है। उन्होंने हैरानी जताई कि 58 साल वाली पक्की नौकरी देने और 5 लाख नौकरियां देने की गारंटी देकर सत्ता में आई कांग्रेस सरकार नौकरियों की सम्भावना को खत्म करने की दिशा में साजिशें कर रही है। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि मित्रों को लाभ देने के लिए सरकार सैंकड़ों रास्ते निकाल लेती है लेकिन युवाओं से उनके हक छीनने के रास्ते तलाशे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना में स्थायी नौकरी की कोई गारंटी नहीं है। नेता प्रतिपक्ष ने सवाल किया कि आखिर सुक्खू सरकार हर नीति युवा और प्रदेश विरोधी क्यों बना रही है। उन्होंने सरकार को अपनी नीति बदलने और जनहित के काम करने की सलाह दी है कि प्रादेशिक समाचार के लिए समाचार कक्ष से मैं राजकुमारी चंदेल।

**सिकंदर**

इस बीच प्रदेश भाजपा महामंत्री व राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने प्रदेश सरकार की नई जॉब ट्रेनी योजना को पूरी तरह भ्रामक और सरकार के वायदों के विपरीत बताया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि ये योजना युवाओं को स्थायी रोजगार देने की जगह उन्हें पहले ट्रेनी बनाकर दो साल तक काम करवाएगी और फिर दोबारा उन्हें परीक्षा देनी पड़ेगी, बावजूद इसके ये तय नहीं है कि उन्हें कब पक्की नौकरी मिलेगी। सिकंदर कुमार ने कहा कि हिमाचल के सभी सांसद लगातार आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर प्रभावितों की मदद कर रहे हैं और केन्द्र से भी इस मुद्दे को प्रभावी ढंग से उठाया जा रहा है।

**एचआरटीसी**

एचआरटीसी ड्राईवर कंडक्टर यूनियन ने 31 जुलाई तक उनकी वित्तीय देनदारियां न मिलने पर एक अगस्त से केवल 8 घंटे डयूटी देने का एलान किया है। आज शिमला में एक प्रेसवार्ता के दौरान यूनियन के राज्य अध्यक्ष मान सिंह ठाकुर ने कहा कि कर्मचारियों को ओवरटाईम की देय राशि और मेडिकल बिल भत्तों का भुगतान लम्बे समय से नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निगम कर्मचारियों को वेतन भी समय पर नहीं मिल रहा है। मान सिंह ठाकुर ने सरकार व निगम से उनकी लम्बित  वित्तीय देनदारियों सहित वेतन पहली तारीख को देने की मांग की है।

**अबकी बार प्रबंधन और सरकार को चेता देना चाहते हैं कि आश्वासनों से काम नहीं चलेगा। अगर सरकार या प्रबंधन यह बोलती है हमारे पास पैसा नहीं है। एचआरटीसी के कर्मचारियों की सैलरी और पेंशन 21 को क्यों? मैं माननीय मुख्यमंत्री महोदय जी से भी यह रिक्वेस्ट करना चाहता हूं कि अगर सैलरी रोकनी है तो पूरे हिमाचल प्रदेश के कर्मचारियों की रोकें। उनको भी 25 को दें, हम भी लेने को तैयार हैं। सैलरी और पेंशन पहली को चाहिए, ओवर टाइम नाइट जो जितना हमारा जो 100 करोड़ लगा है ,वो हमें चाहिए। मेडिकल रिवर्समेंट हमें चाहिए। हमें स्थाई हल चाहिए। सैलरी और पेंशन पहली को चाहिए । सिर्फ 8**

**घंटे वर्क टू रुल करेंगे और जहां हमारे 8 घंटे पूरे हो जाएंगे, हम वहीं बस खड़ी करेंगे। हम गाड़ियां रोकेंगे ना स्ट्राइक करेंगे।**

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश इलाकों में आज भी मॉनसून की वर्षा का समाचार है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार प्रदेश में 3 राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 3 सौ 75 से सड़कें भूस्खलन से अवरूद्ध हैं। इसके अलावा 3 सौ 26 बिजली ट्रांसफार्मर और 3 सौ 14 पेयजल योजनाएं भी ठप्प पड़ी हैं। इस मानसून सीजन में अब तक राज्य में 135 लोगों की मौत हो चुकी है और 34 लोग लापता हैं। लाहौल स्पिति जिले के खुरीक गांव में आज दोपहर बादल फटने से आई बाढ़ के कारण जहां कई खेतों को भी नुकसान हुआ है वहीं राष्ट्रीय उच्च मार्ग–505 बंद हो गया है। इसके अलावा लाहौल उपमण्डल के सांशा नाला में फ्लैश फ्लड आने का समाचार है। मौसम विभाग ने आज भी ऊना, बिलासपुर, चम्बा और कांगड़ा जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार 23 से 25 जुलाई तक प्रदेश में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है।

**रोहित ठाकुर**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि शिमला जिले के जुब्बल–कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य पर लगभग 4 सौ करोड़ रुपए खर्च किये जा रहें हैं ताकि हर गाँव को सड़क सुविधा से जोड़ा जा सके। उन्होंने आज कोटखाई उपमण्डल के देवरी खनेटी में ऐतिहासिक रिहाली मेले में शिरकत की। इस अवसर पर रोहित ठाकुर ने कहा कि देवरी–खनेटी पंचायत में अलांवग–नक्सेटली–रेयोघाटी सड़क की प्रशासन द्वारा कल सफलतापूर्वक पासिंग की गई। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देवरी खनेटी के निर्माण कार्य का निरीक्षण भी किया।

**नरदेव**

हिमाचल प्रदेश भवन व अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड की विभिन्न चौदह कल्याणकारी योजनाओं के तहत पात्र कामगारों को वित्त वर्ष 2025–26 के दौरान अब तक कुल 5 करोड़ 30 लाख 81 हजार से अधिक के वित्तीय लाभ प्रदान किए जा चुके हैं। बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव कंवर ने आज शिमला में ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बोर्ड ने कुल 4 लाख 73 हजार एक सौ 26 मजदूर पंजीकृत हैं जिनमें से 70 हजार 8 सौ 63 कामगारों की ई–केवाईसी, हिम परिवार पोर्टल के माध्यम से की जा चुकी है।

## अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने युवाओं से नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने और विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का किया आहवान।
- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा–सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण पर करीब 5 सौ 50 करोड़ रूपए होंगे खर्च।
- राज्य सरकार की नई जॉब ट्रेनी योजना को भारतीय जनता पार्टी ने युवाओं के साथ धोखा करार दिया।
- एचआरटीसी ड्राईवर कंडक्टर यूनियन ने मांगे पूरी न होने पर एक अगस्त से केवल 8 घंटे डयूटी देने का किया एलान।
- प्रदेश में भारी वर्षा व भू–स्खलन से 3 राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 3 सौ 75 सड़कें अवरूद्ध।